Total Printed Pages : **24** **Booklet No. 13057**

# M.Phil./Ph.D. ADMISSION TEST, 2019 & 2020

## Paper II

## Subject : 141 - SOCIOLOGY

**Roll No. (In figures)** ..................................**(In words)** ..................................................................

**OMR Sheet Barcode No.** ..........................................................................................................

**Signature of Invigilators** 1..........................................................2. ..................................................

**Names of Invigilators** 1..........................................................2. ..................................................

**Time : 2 Hours** **Max. Marks : 200**

## GENERAL INSTRUCTIONS

1. Read the instructions given on the Question Booklet and OMR Sheet before starting the answers. All the entries should be filled by **blue or black ball point pen.**

2. The Question Booklet contains **100** questions and all questions are compulsory.

3. Each question is of **2** marks. There is **no negative marking.**

4. Candidates must ensure that the Question Booklet issued to them has all the questions. Defective Question Booklet can be got changed within **10** minutes.

1. प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न–पुस्तिका और ओ. एम.आर.शीट पर दिये हुए निर्देश पढ़ें। सभी प्रविष्टियाँ **नीले अथवा काले बॉल पॉइन्ट पेन** से भरें।

2. प्रश्न – पुस्तिका में **100** प्रश्न हैं और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3. प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है। कोई नकारात्मक अंकन **(negative marking)** नहीं होगा।

4. परीक्षार्थी सुनिश्चित कर लें कि उन्हें जो प्रश्न–पुस्तिका दी गई है उसमें सभी अंकित हैं। त्रुटिपूर्ण प्रश्न–पुस्तिका **10** मिनट की अवधि में बदलवाई जा सकती है।

5. In case of any discrepancy between English and Hindi versions of a question, English version will be taken as correct, wherever there are both versions.

6. Select and darken the circle corresponding to the answer [(A) or (B) or (C) or (D)] in OMR sheet.

7. In case more than one circles are darkened in a question, it will not be evaluated.

8. Do no make any stray marks on OMR sheet and do not fold it.

9. Any candidate found removing pages from the Question Booklet may be disqualified and prosecuted.

10. Use of unfair means will disqualify the candidate from the examination.

11. Cell phone, calculator or any such devices are not allowed in the Examination Hall.

12. No candidate is allowed to leave the seat before handing over the original OMR sheet to the invigilator. Candidate can take Question Booklet and Carbon copy of OMR sheet.

5. किसी प्रश्न के अंग्रेजी और हिन्दी रूपान्तरणों में भिन्नता होने की स्थिति में अंग्रेजी रूपान्तरण सही माना जायेगा जहाँ प्रश्न–पत्र दोनों भाषाओं में है।

6. सही उत्तर का चयन करें तथा सम्बन्धित [(A) अथवा (B) अथवा (C) अथवा (D)] गोले को ओ.एम.आर. शीट में काला करें।

7. किसी प्रश्न में एक से अधिक गोले को काला करने पर उसे जाँचा नहीं जायेगा।

8. ओ.एम.आर. शीट पर किसी तरह का चिह्न न बनायें और न ही उसे मोड़ें।

9. प्रश्न–पुस्तिका से पृष्ठ निकालते हुए पाये जाने पर परीक्षार्थी को अयोग्य घोषित किया जा सकता है और उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही भी की जा सकती है।

10. अनुचित साधनों का उपयोग करने पर परीक्षार्थी को परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।

11. सेलफोन, संगणक और ऐसी किसी भी अन्य प्रविधियों को परीक्षा भवन में लाने की अनुमति नहीं है।

12. ओ.एम.आर. शीट की मूल प्रति वीक्षक को सुपुर्द किये बिना किसी भी परीक्षार्थी को अपना स्थान छोड़ने की अनुमति नहीं है। परीक्षार्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम. आर. शीट की कार्बन प्रति को अपने साथ ले जा सकेगा।

1. Which of the following was the basis of the origin and development of Sociology in England?

(A) Metaphysics (B) Religion

(C) History (D) Philosophy

2. At the initial stage, Sociology was named as 'Social Physics; by whom?

(A) Emile Durkheim (B) August Compte

(C) Max Weber (D) Herbert Spencer

3. Scientific nature of Sociology is characterised by ..........

(A) Social Fact

(B) Social Action

(C) Social Phenomena

(D) Sociological Perspective

4. 'Value-free science is a myth, though it is desirable'. Who stated?

(A) C. A. Moser (B) P. V. Young

(C) Manheim (D) Gouldner

5. Development and growth of society is which kind of process in sociological context?

(A) Historical Process

(B) Evolutionary Process

(C) Expansion Process

(D) Transformative Process

6. The concept 'Gemeinschaft' was used to define ............

(A) Community (B) Society

(C) Group (D) Institution

1. इंग्लैण्ड में समाजशास्त्र के उद्‌भव और विकास का निम्न में से कौनसा आधार था?

(A) तत्व मीमांसा (B) धर्म

(C) इतिहास (D) दर्शनशास्त्र

2. प्रारंभिक स्तर पर समाजशास्त्र को सोशल फिजिक्स नाम किसने दिया था?

(A) इमाइल दुर्खिम (B) अगस्त काम्पट

(C) मैक्स वेबर (D) हर्बर्ट स्पेंसर

3. समाजशास्त्र की वैज्ञानिक प्रकृति की विशेषता ....... है

(A) सामाजिक तथ्य

(B) सामाजिक क्रिया

(C) सामाजिक प्रघटना

(D) समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य

4. 'मूल्यमुक्त विज्ञान एक मिथक है, यद्यपि यह वांछनीय है', किसका कथन है?

(A) सी ए मोज़र (B) पी वी यंग

(C) मेन्हेइम (D) गुल्डनर

5. समाजशास्त्रीय सन्दर्भ में समाज का विकास और प्रगति किस प्रकार की प्रक्रिया है?

(A) ऐतिहासिक प्रक्रिया

(B) उदविकासीय प्रक्रिया

(C) विस्तार प्रक्रिया

(D) परिवर्तनकारी प्रक्रिया

6. 'गैमिन्शेफ्ट' की अवधारणा का प्रयोग किसको परिभाषित करने के लिए किया था?

(A) समुदाय (B) समाज

(C) समूह (D) संस्था

7. 'We feeling and Common Geographical area' are the basic features of a ...........

(A) Gram Panchayat (B) Municipality

(C) Nation (D) State

8. "The whole way of life of a people' is culture. Who adopted this definition?

(A) Taylor (B) Ralph Linton

(C) Mathew Arnold (D) Talcott Parsons

9. A set of procedures is the main feature of .......

(A) Association (B) Group

(C) Society (D) Institution

10. All members of society occupy a number of social positions known as?

(A) Role Set (B) Esteem

(C) Statuses (D) Stratum

11. Claude Levi Strauss focussed to study which of the following?

(A) Subjective Structure

(B) Objective Structure

(C) Traditional Structure

(D) Contemporary Structure

12. The means for accomplishing certain tasks are provided by whom?

(A) Social Roles (B) Social Norms

(C) Social Values (D) Social Functions

13. Role conflict arises due to which of the following situation.

(A) Role expectation and role played

(B) Role played opposite to status

(C) Status expectation and role played

(D) Status expectation but different role

7. 'हम की भावना और 'सामान्य भौगोलिक क्षेत्र' किसकी आधारभूत विशेषताएं है ..........

(A) ग्राम पंचायत (B) नगर पालिका

(C) राष्ट्र (D) राज्य

8. 'लोगों का सम्पूर्ण जीवन का तरीका' संस्कृति है। यह परिभाषा किसने अपनाई?

(A) टायलर (B) राल्फ लिटन

(C) मैथ्यू अर्नाल्ड (D) टालकट पारसंस

9. प्रक्रियाओं/विधियों का एक सेट किसकी प्रमुख विशेषता है ......

(A) समित्ती (B) समूह

(C) समाज (D) संस्था

10. समाज के सभी सदस्य अनेंक स्थितियों को धारित करतें हैं उसे क्या कहते हैं?

(A) भूमिका सेट (B) सम्मान

(C) प्रस्थितियां (D) स्तर

11. क्लौदे लेवी स्ट्रॉस ने निम्न में से किसके अध्ययन को केन्द्रित किया?

(A) विषयिक संरचना

(B) वस्तुनिष्ठ संरचना

(C) परम्परागत संरचना

(D) समकालीन संरचना

12. कुछ कार्यो को पूरा करने के लिए किसके द्वारा साधन उपलब्ध करवाए जाते है?

(A) सामाजिक भूमिकाये (B) सामाजिक मानदंड

(C) सामाजिक मूल्य (D) सामाजिक प्रकार्य

13. भूमिका संघर्ष निम्न में से किस परिस्थिति से उत्पन्न होता है:

(A) भूमिका प्रत्याशा और भूमिका निर्वहन

(B) भूमिका निर्वहन विपरीत प्रस्थिति

(C) प्रस्थिति प्रत्याशा और भूमिका निर्वहन

(D) प्रस्थिति प्रत्याशा लेकिन भिन्न भूमिका

14. In Achieved status, the status is mainly based on the factors like .......

(A) Inheritance

(B) Purposive action

(C) Biological characteristic

(D) Same values

15. Hyman coined which of the following term

(A) Primary group (B) Secondary group

(C) Reference group (D) Social group

16. Secondary group can be identified on the basis of which of the following .......

(A) Physical proximity (B) Informal relations

(C) Lifetime duration (D) Big size

17. In group and out group are classified by Summer on the basis of ........

(A) We feeling (B) Enacted law

(C) Primitive law (D) Hatred feeling

18. To learn specific roles is termed as ......

(A) Playing at role (B) Role transition

(C) Role playing (D) Role taking

19. Which of the following basically develops kinship relations?

(A) Marriage (B) Caste

(C) Community (D) Family

20. 'Marriage is a source of family.' Who stated?

(A) Westermark (B) Margret

(C) Murdock (D) Rosenthal

14. अर्जित प्रस्थिति में, प्रस्थिति मुख्य रूप से उन कारकों पर आधारित है जैसे .........

(A) वंशानुगत

(B) उद्देश्यपूर्ण क्रिया

(C) जैविकीय विशेषताएं

(D) सामान मूल्य

15. हायमन ने निम्न में से कौनसी शब्दावली को प्रतिपादित किया:

(A) प्राथमिक समूह (B) द्वितीयक समूह

(C) सन्दर्भ समूह (D) सामाजिक समूह

16. द्वितीयक समूह की पहचान निम्न में से किस आधार पर की जा सकती है ..........

(A) भौतिक निकटता (B) अनौपचारिक सम्बन्ध

(C) आजीवन अवधि (D) बड़ा आकार

17. समनर ने आन्तरिक समूह और बाहय समूह को किस आधार पर वर्गीकृत किया।

(A) हम भावना (B) अधिनियमित कानून

(C) आदिम कानून (D) घृणित भावना

18. विशिष्ट भूमिका को सीखना क्या कहलाता है?

(A) अभिनय की भूमिका (B) भूमिका संक्रमण

(C) बुमिका पालन (D) भूमिका वरण

19. मौलिक रूप से निम्न में से किसके द्वारा नातेदारी सम्बन्ध विकसित किये जाते है?

(A) विवाह (B) जाति

(C) समुदाय (D) परिवार

20. 'विवाह परिवार का एक स्त्रोत है', किसका कथन है?

(A) वेस्टरमार्क (B) माग्रेट

(C) मुर्डोक (D) रोसेन्थल

21. 'After primary socialization with in the family, school takes over as the main agency of socialization.' Parsons argued in which context?

(A) Education (B) Institution

(C) Culture (D) Association

22. According to Tumin which of the following may not be considered as a feature of social stratification.

(A) Social (B) Political

(C) Ancient (D) Biological

23. In process of revolution social change is seen in which of the following form

(A) Climax of conflict

(B) Climax of social transformation

(C) Climax of social movement

(D) Climax of social differences

24. A human community claims monopoly of the legitimate use of physical force within a given territory, is known as ........

(A) State (B) Society

(C) Nation (D) Institution

25. Stimuli and response are mainly concerned with ......

(A) Social Status

(B) Social Role

(C) Social Interaction

(D) Social Stratification

21. 'परिवार में प्राथमिक समाजीकरण के बाद, विद्यालय समाजीकरण का प्रमुख अभिकरण बन जाता है।' पारसंस का यह तर्क किसके सन्दर्भ में है?

(A) शिक्षा (B) संस्था

(C) संस्कृति (D) समिति

22. ट्यूमिन के अनुसार निम्न में से किसको सामाजिक स्तरीकरण की विशेषता नहीं माना जा सकता है?

(A) सामाजिक (B) राजनीतिक

(C) प्राचीन (D) जैविकीय

23. क्रांति की प्रक्रिया में सामाजिक परिवर्तन निम्न में से किस स्वरूप में दिखाई देता है?

(A) संघर्ष के चरम पर

(B) सामाजिक रुपान्तरण के चरम पर

(C) सामाजिक आन्दोलन के चरम पर

(D) सामाजिक विभेदों के चरम पर

24. एक मानव समुदाय एक दिए हुए भौगोलिक क्षेत्र में भौतिक शक्ति के वैधानिक उपयोग के एकाधिकार का दावा करता है, उसे क्या कहा जाता है?

(A) राज्य (B) समाज

(C) राष्ट्र (D) संस्था

25. उत्तेजना और प्रतिउत्तर का सम्बन्ध मुख्य रूप से किससे है ..........

(A) सामाजिक प्रस्थिति

(B) सामाजिक भूमिका

(C) सामाजिक अंतर्क्रिया

(D) सामाजिक स्तरीकरण

26. Emile Durkheim explained the process of socialization from which perspective

(A) Sociological (B) Psychological

(C) Philosophical (D) Anthropological

27. Anticipatory socialization is related to the concept of a group. That group is named as ...........

(A) Primary Group (B) Secondary Group

(C) Out Group (D) Reference Group

28. Which of the following is not a characteristic of social stratification.

(A) Biological Basis

(B) It is ancient

(C) Related to Social Institution

(D) It has different forms.

29. Gender can be well defined in terms of .......

(A) Status and Role

(B) Psychology and Culture

(C) Psysiology and Biology

(D) Morphology and Society

30. According to Eriksen an Ethnic group is usually seen as being distinctive on the basis of which of the following.

(A) Community (B) Region

(C) Culture (D) Language

31. Middle class is based on certain possession. Which of the following is not possessed by it.

(A) Recognised skills

(B) Own property in the means of production

(C) Mental labour power

(D) Work for other

26. इमाईल दुर्खेइम ने समाजीकरण की प्रक्रिया को किस परिप्रेक्ष्य से समझाया

(A) समाजशास्त्रीय (B) मनोवैज्ञानिक

(C) दार्शनिक (D) मानवशास्त्रीय

27. पूर्वानुमानित समाजीकरण एक समूह की अवधारणा से सम्बंधित है। उस समूह का नाम है ...........

(A) प्राथमिक समूह (B) द्वितीयक समूह

(C) बाह्य समूह (D) सन्दर्भ समूह

28. निम्न में से किसको सामाजिक स्तरीकरण की विशेषता नहीं कहा जा सकता है

(A) जैविकीय आधार

(B) यह पुरातन है

(C) सामाजिक संस्थाओं से सम्बंधित है

(D) इसके विभिन्न स्वरूप है

29. जेंडर को किस शब्दावली द्वारा परिभाषित किया जाता है ...........

(A) प्रस्थिति और भूमिका

(B) मनोविज्ञान और संस्कृति

(C) शरीर क्रिया विज्ञान और जीव विज्ञान

(D) आकृति विज्ञान और समाज

30. एरिक्सन के अनुसार एक एथनिक समूह को सामान्यतया निम्न में से किस आधार पर विशेष माना जाता है ........

(A) समुदाय (B) धर्म

(C) संस्कृति (D) भाषा

31. मध्यम वर्ग निश्चित परिग्रह पर आधारित होती है। निम्न में से कौन सा इसके द्वारा परिग्रह नहीं किया जाता है

(A) मान्य निपुणतायें

(B) उत्पादन के साधनों में सम्पत्ति का स्वामित्व

(C) मानसिक परिश्रम

(D) अन्य के लिए कार्य

32. Social change means the change in social organization that happens in structure and function of the society. Who made this explanation?

(A) K. Davis (B) Gillin and Gillin

(C) MacIver and Page (D) Wilbert Moore

33. Sorokin discussed cyclical theory of social change in the book titled as ......

(A) Social Mobility

(B) The Sociology of Revolution

(C) Social and Cultural Dynamics

(D) Contemporary sociological Theories

34. The concept of 'Paradigm' has been discussed by Thomas Kuhn in the book:

(A) The structure of scientific revolutions

(B) The social function of science

(C) Science in history

(D) The scientific revolution

35. Out of the following which basic paradigm within Sociology is not discussed by George Ritzer:

(A) The social facts paradigm

(B) The social conflict paradigm

(C) The social definition paradigm

(D) The social behavior paradigm

36. Out of the following which set has been pointed out by Peter Blau as two types of social facts:

(A) social structures-social institutions

(B) social structures-social systems

(C) social institutions-social systems

(D) social patterns-social exchanges

32. 'सामाजिक परिवर्तन से तात्पर्य 'सामाजिक संगठन में परिवर्तन जो कि समाज की संरचना और प्रकार्यों में होता है'। इस प्रकार किसने समझाया था?

(A) के. डेविस (B) गिलिन और गिलिन

(C) मेकाईवर और पेज (D) विल्बर्ट मूर

33. सोरोकिन ने सामाजिक परिवर्तन के चक्रिय सिद्धांत की जिस पुस्तक में चर्चा की थी उस पुस्तक का शीर्षक है .........

(A) सोशल मोबिलिटी

(B) द सोशियोलॉजी ऑफ रेवोलुशन

(C) सोशल एंड कल्चरल डायनेमिक्स

(D) कंटेम्परारी सोशियोलॉजिकल थ्योरीज

34. थामस कुहन ने 'पैराडिम' की अवधारणा को किस पुस्तक में विवेचित किया है:

(A) द स्ट्रक्चर ऑफ साइंटिफिक रिवाल्यूशन्स

(B) द सोश्यल फंक्शन ऑफ साइन्स

(C) साइन्स इन हिस्ट्री

(D) द साइंटिफिक रिवाल्यूशन

35. जार्ज रिट्जर ने निम्नलिखित आधारभूत (बेसिक) पैराडिम्स, जो कि समाज शास्त्र के अन्तर्गत हैं, में से किस की विवेचना नहीं की है:

(A) सामाजिक तथ्य पैराडिम

(B) सामाजिक संघर्ष पैराडिम

(C) सामाजिक परिभाषा पैराडिम

(D) सामाजिक व्यवहार पैराडिम

36. निम्नलिखित युग्मों में से किस युग्म का रेखांकन पीटर ब्लाउ ने सामाजिक तथ्यों के दो प्रकार के अन्तर्गत किया है:

(A) सामाजिक संरचनाएं–सामाजिक संस्थाएं

(B) सामाजिक संरचनाएं–सामाजिक व्यवस्थाएं

(C) सामाजिक संस्थाएं–सामाजिक व्यवस्थाएं

(D) सामाजिक स्वरूप (पेर्टन्स)–सामाजिक विनिमय

37. Out of the following which characteristic has not been mentioned by Anthony Giddens in three main characteristics of 'mainstream social science':

(A) Naturalism

(B) Social Causation

(C) Grand Narrative

(D) Functionalism

38. The chance of having an order with a specific content obeyed by specifiable persons, for Max Weber, is called:

(A) Rule (B) Power

(C) Tradition (D) Value

39. A plurality of persons who within a larger group, successfully claim a special social esteem, for Max Weber, is known

(A) Social Group (B) Social Category

(C) Status Group (D) Associational group

40. According to Talcott Parsons, "The social system is composed of institutions that in turn are composed of -------"

(A) Norms and values

(B) Culture and personality

(C) Economy and polity

(D) Statuses and roles

41. Out of the following which onentation to understand Indian society is not pointed out by Bernard S. Cohen:

(A) The orientalist orientation

(B) The missionary orientation

(C) The Marxist orientation

(D) The administrative orientation

37. निम्नलिखित विशेषताओं में से किस विशेषता को एन्थनी गिडिन्स ने 'मुख्य धारायी समाज विज्ञान' की तीन मुख्य विशेषताओं में शामिल नहीं किया है:

(A) प्रकृतिवाद

(B) सामाजिक कार्य–कारणता

(C) वृहद नेरेटिव (ग्राण्ड नेरेटिव)

(D) प्रकार्यवाद

38. मैक्स वेबर की दृष्टि में एक विशिष्ट अन्तर्वस्तु के साथ उभरी व्यवस्था का मौका जिसकी विशिष्टता प्राप्त व्यक्ति आज्ञा मानते हैं, कहलाता है

(A) नियम (B) शक्ति

(C) परम्परा (D) मूल्य

39. मैक्स वैबर की दृष्टि में एक विशाल समूह के अन्तर्गत लोगों की वह बहुलता, जो एक विशेष सामाजिक सम्मान का सफलतापूर्वक दावा करे, कहलाती है:

(A) सामाजिक समूह (B) सामाजिक श्रेणी

(C) प्रस्थिति समूह (D) समितिमूलक समूह

40. टालकट पारसन्स के अनुसार, "सामाजिक व्यवस्था की रचना संस्थाओं से होती है जो कि प्रत्युत्तर में ——— से रचित होती हैं:

(A) प्रतिमान एवं मूल्य

(B) संस्कृति एवं व्यक्तित्त्व

(C) आर्थिकी एवं राजनीतिकी

(D) प्रस्थितियाँ एवं भूमिकाएं

41. बर्नाड सी कोहन ने भारतीय समाज को समझने के लिए निम्नलिखित में से किस उपागम को रेखांकित नहीं किया है:

(A) प्राच्य विद्या (आरियन्टिलिस्ट) उपागम

(B) मिशनरी उपागम

(C) मार्क्सवादी उपागम

(D) प्रशासकीय उपागम

42. Out of the following scholars who has authored 'One Dimensional Man'

(A) Max Horkheimer (B) T.W. Adorno

(C) Herbert Marcuse (D) Jurgen Habermas

43. Out of the following, according to Karl Marx, which component(s) constitute(s) 'Mode of Production':

(A) Forces of Production

(B) Relations of Production

(C) Forces of Production and Relations of Production

(D) Classes and 'Class-Consciousness'

44. Out of the following which pair is incorrect in the view of Talcott Parsons about relation of subsystems and functional pre-requesites:

(A) Economy - Adaptation

(B) The polity - Goal Attainment

(C) Personality - Integration

(D) Culture - Pattern maintenance

45. According to G. H. Mead what are those two stages by which the self develops:

(A) 'Play' stage and 'Game' stage

(B) The 'Concrete operational' stage and the 'Formal operational' stage

(C) The 'Sensorimotor' stage and the 'Pre-operational' stage

(D) The 'Oral' stage and The 'Anal' stage

42. निम्नलिखित स्कालर्स में से कौन 'वन डाइमैन्शनल मैन' पुस्तक का लेखक है:

(A) मैक्स हारिखमायर (B) टी. डब्ल्यु. एर्डोनो

(C) हरबर्ट मारक्यूजे (D) जरगान हैबरमास

43. कार्ल मार्क्स के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा (कौन से) अवयव 'उत्पादन के साधन' (मोड ऑफ प्रोडक्शन') को बनाता (बनाते) है।

(A) उत्पादन की शक्तियाँ

(B) उत्पादन के सम्बन्ध

(C) उत्पादन की शक्तियाँ एवं उत्पादन के सम्बन्ध

(D) वर्गों एवं 'वर्ग – चेतना'

44. टालकट पार्सन्स के विचारों में निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा (पेअर) उप व्यवस्थाओं एवं प्रकार्यात्मक पूर्व आवश्यकताओं के सम्बन्धों के विषय में गलत है:

(A) आर्थिकी – अनुकूलन

(B) राजनीतिकी – लक्ष्य प्राप्ति

(C) व्यक्तित्त्व – एकीकरण

(D) संस्कृति – प्रतिमान नियमन

45. जी. एच. मीड. के अनुसार 'स्व' के विकास हेतु कौन से दो चरण हैं?:

(A) 'प्ले' चरण एवं 'गेम' चरण

(B) 'द कंक्रीट आपरेशनल' चरण एवं 'फार्मल आपरेशनल' चरण

(C) द 'सैंसरीमोटर' चरण एवं द 'प्री–आपरेशनल' चरण

(D) द 'ओरल' चरण एवं द 'एनाल' चरण

46. Out of the following which one is not the characteristic of primary group, conceptualised by C. H. Cooley:

(A) Relatively small size

(B) Relative intimacy

(C) Lack of Face to Face Interaction

(D) Durable Relationship

47. Out of the following which strata of consciousness has not been mentioned by Anthony Giddens in Conceptualising 'Agency':

(A) Sub-Consciousness

(B) Unconsciousness

(C) Practical Consciousness

(D) Discursive Consciousness

48. Out of the following which presupposition has not been stated by Jurgen Habermas in four 'validity - claims' associated with 'Linguistic Communication':

(A) What we say is Comprehensible

(B) What we say is true

(C) What we say is right

(D) What we say is dialectical

49. Out of the following which concern has not been indicated by Harold Garfinkel in context of Ethnome thodology:

(A) Practical Activities

(B) Practical Circumstances

(C) Practical Sociological Reasoning

(D) Practical Systemic Structures

46. सी. एच. कूले की प्राथमिक समूह की अवधारणा से सम्बद्ध विशेषताओं में से कौन सी विशेषता निम्नलिखित में नहीं है:

(A) सापेक्षिक रूप से लघु आकार

(B) सापेक्षिक घनिष्टता

(C) आमने सामने की अन्तःक्रियाओं की कमी

(D) स्थायी सम्बन्ध

47. 'अभिकरण' (एजेन्सी) की अवधारणा निर्माण के दौरान एन्थनी गिडिन्स ने निम्नलिखित में से चेतना के किस स्तृत का उल्लेख नहीं किया है:

(A) अर्द्ध–चेतना (सब–कांसियसनेस)

(B) अचेतना (अनकांसियसनेस)

(C) व्यावहारिक चेतना (प्रेटिकल कांसियसनेस)

(D) असम्बद्ध चेतना (डिसकर्सिव कांसियसनेस)

48. ज्यूरगान हैबरमास ने 'भाषायी संचार' से सम्बद्ध जिन चार "वैधता–दावों" (वैलिडिटी क्लेम्स) की पूर्वधारणाएं प्रस्तुत की है उनमें से निम्नलिखित में कौन सी नहीं है:

(A) हम जो कहते हैं, बोध गम्य है।

(B) हम जो कहते हैं, सत्य है।

(C) हम जो कहते हैं, सही है।

(D) हम जो कहते हैं, द्वन्दात्मक है।

49. निम्नलिखित में से किस पक्ष का संकेत हैरोल्ड गारफिंकल ने एथनो मैथडालजी के संदर्भ में नहीं किया है:

(A) व्यावहारिक गतिविधियॉं

(B) व्यावहारिक परिस्थितियॉं

(C) व्यावहारिक समाजशास्त्रीय तार्किकता

(D) व्यावहारिक ब्यवस्थाजनित संरचनाएं

50. According to C.Wright Mills The Sociological imagination enables us to grasp ---------and the relations between the two within society:

(A) History and Biography

(B) History and Politics

(C) History and Observation

(D) History and Experimentation

51. Out of the following which 'form' is not a part of Max Weber's 'Three-Dimensional Model of Social stratification':

(A) Class

(B) Status group

(C) Knowledge

(D) Parties/Power groups

52. Out of the following which Indian sociologist is not engaged with 'village studies':

(A) Andre Beteille (B) M.N. Srinivas

(C) Veena Das (D) S.C. Dube

53. Out of the following major periods of international development of Western Sociology, which period is not pointed out by Alvin W. Gouldner:

(A) Sociological Positivism

(B) Marxism

(C) Industrial Capitalism

(D) Parsonian Structural-Functionalism

54. Out of the following which type of role is not mentioned by Ralph. H. Turner:

(A) Prescribed Roles

(B) Subjective Roles

(C) Objective Roles

(D) Enacted Roles

50. सी. राइट मिल्स के अनुसार समाजशास्त्रीय कल्पना हमें ———— एवं समाज के अन्तर्गत इन दोनों के मध्य सम्बन्धों को समझने के योग्य बनाती है:

(A) इतिहास एवं जीवन कथ्य (बायोग्राफी)

(B) इतिहास एवं राजनीति

(C) इतिहास एवं अवलोकन

(D) इतिहास एवं प्रयोग

51. निम्नलिखित में से कौन सा 'स्वरूप' मैक्स वेबर के 'सामाजिक स्तरीकरण के तीन आयामी प्रारूप' का भाग नहीं है:

(A) वर्ग

(B) प्रस्थिति समूह

(C) ज्ञान

(D) दल / शक्ति समूह

52. निम्नलिखित में से कौन समाज शास्त्री ग्राम अध्ययन से सम्बद्ध नहीं है:

(A) आन्द्रे बेतेइ (B) एम.एन. श्रीनिवास

(C) वीना दास (D) एस.सी. दुबे

53. पश्चिमी समाजशास्त्र के अन्तर्राष्ट्रीय विकास के मुख्य चरणों की चर्चा में एल्विन डब्ल्यु गाउल्डनर ने निम्नलिखित में से किस चरण की चर्चा नहीं की है:

(A) समाजशास्त्रीय प्रत्यक्षवाद

(B) मार्क्सवाद

(C) औद्योगिक पूंजीवाद

(D) पार्सन्सवादी संरचनात्मक–प्रकार्यवाद

54. निम्नलिखित में से भूमिका के किस प्रकार का उल्लेख राल्फ. एच. टर्नर ने नहीं किया है

(A) निर्धारित (प्रेसक्राइब्ड भूमिका)

(B) विषयपरक भूमिका (सब्जैक्टिव भूमिका)

(C) वस्तुपरक भूमिका (आब्जैक्टिव भूमिका)

(D) अधिनियमित भूमिका (इनेक्टिड भूमिका)

55. Out of the following which is called 'The social process'

(A) Social interaction

(B) Cooperation

(C) Competition

(D) Accomodation

56. 'Primary' and 'Secondary' change mean

(A) Changes in 'social relationships' & 'cultural equipments' respectively

(B) Changes in 'social system' & personality system' respectively

(C) Changes in 'socialization' and 'Social institutions' respectively

(D) Changes in 'social organization' and 'Economic Organization' respectively

57. The research design associated with to gain 'familiarity' with the phenomenon and to achieve 'new insights' is known as

(A) Descriptive Research Design

(B) Diagnostic Research Design

(C) Exploratory Research Design

(D) Ex-post facts Research Design

58. Research technique for the objective, systematic and quantitative description of manifest content of communication' is known as

(A) Case Study

(B) Content Analysis

(C) Ethnography Model

(D) Discourse Analysis

59. Dialectic between the 'self' and the 'body' and between the 'self' and the 'socio-cultural world' are important to human experience, is stated by

(A) Karl Marx (B) Peter. L. Berger

(C) D.P. Mukerji (D) A.R. Desai

55. निम्नलिखित में से किसे 'द सोश्यल प्रासिस' की संज्ञा दी जाती है:

(A) सामाजिक अन्तः क्रिया

(B) सहयोग

(C) प्रतियोगिता

(D) व्यवस्थापन

56. 'प्राथमिक' एवं द्वैतियक' परिवर्तन का अर्थ है:

(A) क्रमशः 'सामाजिक सम्बन्धों' एवं ' सांस्कृतिक उपकरणों में परिवर्तन

(B) क्रमशः 'सामाजिक व्यवस्था' एवं 'व्यक्तित्व व्यवस्था' में परिवर्तन

(C) क्रमशः 'सामाजीकरण' एवं 'सामाजिक संस्थाओं' में परिवर्तन

(D) क्रमशः सामाजिक संगठन' एवं 'आर्थिक संगठन' में परिवर्तन

57. 'प्रघटना के साथ 'निकटता / गहनतामूलक' (फैमिलियेरिटी) परिचय की प्राप्ति एवं 'नवीन अन्तर्दृष्टियों' की प्राप्ति से सम्बद्ध शोध प्रारूप को कहते है':

(A) वर्णनात्मक शोध प्रारूप (डिस्क्रिपिटिव)

(B) निदानात्मक शोध प्रारूप (डाइगोनिस्टक)

(C) खोजपूर्ण शोध प्रारूप (एक्सप्लोरेटरी)

(D) एक्स–पोस्ट फैक्टो शोध प्रारूप

58. संचार की प्रकट अन्तः वस्तु की वस्तुपरक, व्यवस्थित एवं परिमाणात्मक विवेचना से सम्बद्ध शोध प्रविधि को कहते हैं:

(A) एकल अध्ययन पद्धति (केस स्टडी)

(B) अन्तः वस्तु विश्लेषण (कन्टेन्ट एनालिसिज)

(C) नृवंशीयता (एथनोग्राफी) प्रारूप

(D) डिसकोर्स एनालिसिज

59. 'स्व' एवं 'शरीर' के मध्य तथा 'स्व' एवं 'सामाजिक–सांस्कृतिक विश्व' के मध्य द्वन्द मानव अनुभव हेतु महत्त्वपूर्ण हैं, का विचार है

(A) कार्ल मार्क्स (B) पीटर एल बर्जर

(C) डी.पी. मुकर्जी (D) ए.आर. देसाई

60. Out of the following which book is not authored by Michel Foucault:
(A) The birth of he clinic
(B) The Archeology of Knowledge
(C) Knowledge and Human interests
(D) Power/Knowledge

61. Match the following pairs containing names of book and of author and identify the incorrect pair:

| Name of Book | Name of Author(s) |
|---|---|
| (A) In Persuit of Lakshmi | L.I. Rudolphs &S. H. Rudolph |
| (B) Marxism and class analysis | D.N. Dhanagre |
| (C) Knowledge and Society | T.K. Oommen |
| (D) Identity and Violence | Amartya sen |

62. Out of the following which religion is the result of protest against Hinduism
(A) Islam (B) Christianity
(C) Sikhism (D) Zoroastrianism

63 Out of the following which sociologist has given the concept of 'Elite of calling' or 'Citizen Elite' in context of Democracy:
(A) Dipankar Gupta
(B) Ramkrishna Mukherjee
(C) K.L. Sharma
(D) Yogendra Singh

64. Which geographical 'Zone' has not been included by Irawati Karve in Kinship study:
(A) The Northern Zone
(B) The Western Zone
(C) The Southern Zone
(D) The Eastern Zone

60. निम्नलिखित में से किस पुस्तक के लेखक मिचेल फूको नहीं है:
(A) द बर्थ आफ द क्लीनिक
(B) द आर्कोयोलाजी आफ नालेज
(C) नालेज एण्ड ह्यूमैन इन्ट्रैस्ट्स
(D) पावर/नालेज

61. निम्नलिखित युग्मों, जो कि पुस्तक एवं लेखक के नामों को शामिल करते हैं, का मिलान करें और गलत युग्म को बतायें:

| पुस्तक का नाम | लेखक/लेखकों का नाम |
|---|---|
| (A) इन परस्यूट ऑफ लक्ष्मी | एल.आइ.रूडाल्फ एवं एस एच रूडाल्फ |
| (B) मार्क्सिज्म एण्ड क्लास एनालिसिज | डी.एन. धनाग्रे |
| (C) नालेज एण्ड सोसायटी | टी.के. ओमन |
| (D) आइडेन्टिटी एण्ड वायलेन्स | अमृत्य सेन |

62. निम्नलिखित में से कौन सा धर्म हिन्दु धर्म (हिन्दुइज्म) से विरोध का परिणाम है:
(A) इस्लाम (B) ईसाइयत
(C) सिक्ख धर्म (D) पारसी धर्म

63. निम्नलिखित में से किस समाजशास्त्री ने लोकतन्त्र के संदर्भ में 'आह्वान के अभिजन' अथवा 'नागरिक अभिजन' (एली ऑफ कालिंग अथवा सिटीजन एलीट) की अवधारणा को प्रस्तुत किया है:
(A) दीपांकर गुप्ता
(B) रामकृष्ण मुखर्जी
(C) के. एल. शर्मा
(D) योगेन्द्र सिंह

64. नातेदारी के अध्ययन में इरावती कर्वे ने किस भौगोलिक 'क्षेत्र' को सम्मिलित नहीं किया है:
(A) उत्तरी क्षेत्र
(B) पश्चिमी क्षेत्र
(C) दक्षिणी क्षेत्र
(D) पूर्वी क्षेत्र

65. An international culture of business and political leaders, according to Samuel Huntington, is known as:

(A) Global Culture

(B) Post-Modern Culture

(C) Davos Culture

(D) Post-Fordist Culture

66. Out of the following which component is not associated with the concept of Human Development:

(A) Productivity (B) Sustainability

(C) Modernity (D) Empowerment

67. Which of the following statements is incorrect?

(A) Prof. Ghuriye supported the racial theory of the origin of caste system

(B) Prof. Ghuriye considered the Indian tribes as backward Hindus

(C) Prof. Ghuriye proposed the policy of 'isolation' for Indian tribals in order to maintain their socio-cultural legacy

(D) Prof. Ghuriye's research works were mostly attitudinal studies which lacked sampling and scale

68. Which of the following approaches was advocated by Louis Dumont to the study of caste system?

(A) Indological and structural approach

(B) Pragmatism

(C) Functionalism

(D) Orientalism

65. व्यापार (बिजनिस) एवं राजनीतिक नेताओं की अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृति को, सैमुअल हटिंगटन के अनुसार, कहा जाता है:

(A) वैश्विक संस्कृति

(B) उत्तर–आधुनिक संस्कृति

(C) डावोस संस्कृति

(D) उत्तर–फोर्डवादी संस्कृति

66. निम्नलिखित में से कौन सा अवयव मानव विकास की अवधारणा से सम्बद्ध नहीं है:

(A) उत्पादकता (B) सतता (सस्टेनेबिलटी

(C) आधुनिकता (D) सबलीकरण

67. निम्न में से कौन सा कथन गलत है?

(A) प्रो. घुरिये जाति की उत्पत्ति के प्रजातीय सिद्धान्त के समर्थक थे

(B) प्रो. घुरिये भारतीय जनजातियों को पिछड़े हिन्दू मानते थे

(C) भारतीय जनजातियों की सामाजिक–सांस्कृतिक धरोहर की निरन्तरता बनाए रखने के लिए प्रो. घुरिये ने 'पृथक्करण' की नीति प्रस्तावित करी

(D) प्रो. घुरिये के अनुसंधान अभिवृत्ति मूलक अध्ययन थे जिनमें निदर्शन एवं माप का अभाव था

68. लुइस ड्यूमॉन्ट ने जाति प्रथा को समझने के लिए कौन से दृष्टिकोण का समर्थन किया?

(A) भारतशास्त्रीय एवं संरचनावादी दृष्टिकोण

(B) व्यवहारवाद

(C) प्रकार्यवाद

(D) प्राच्यवाद

69. Tick the incorrect statement.

(A) A dominant caste is powerful in an area in terms of its numerical strength

(B) A dominant caste has influential economic powers

(C) A dominant caste is powerful in the political field

(D) A dominant caste always ranks highest in the traditional social hierarchy

70. Which of the following was not a part of M.N. Srinivas's methodology?

(A) Anthropological investigations of small scale communities

(B) Functional unity

(C) Field investigation

(D) Dialectical perspective

71. The views of D.P. Mukerjee on the relationship between tradition and modernity are based on:

(A) Dialectical approach

(B) Functional perspective

(C) Empiricism

(D) Secularization

72. 'Anubhava' or 'Personal Experience' is the principle responsible for:

(A) Conservation of tradition

(B) Dynamics of tradition

(C) Preserving caste society

(D) All of the above

69. गलत कथन को चिन्हित कीजिए–

(A) प्रभु जाति एक क्षेत्र में संख्या के आधार पर शक्तिशाली होती है

(B) प्रभु जाति प्रभावशाली आर्थिक शक्ति रखती है

(C) प्रभु जाति राजनीति के क्षेत्र में शक्तिशाली होती है

(D) प्रभु जाति का परम्परात्मक जाति पदक्रम सोपान में सदैव सर्वोच्च स्थान होता है

70. निम्न में से कौन सा एम. एन. श्रीनिवास की पद्धति का हिस्सा नहीं था?

(A) लघु समुदायों का मानवशास्त्रीय अनुसन्धान

(B) प्राकार्यात्मक एकता

(C) क्षेत्रीय अनुसन्धान

(D) द्वन्द्वात्मक दृष्टिकोण

71. परम्परा एवं आधुनिकता के सम्बन्ध में डी.पी. मुकर्जी के विचार ———— पर आधारित है:

(A) द्वन्द्वात्मक पद्धति

(B) प्राकार्यात्मक परिप्रेक्ष्य

(C) अनुभववाद

(D) लौकिकीकरण

72. 'अनुभव' या 'निजी अनुभूति' ———— के लिए उत्तरदायी है:

(A) परम्पराओं का संरक्षण

(B) परम्पराओं की गतिकी

(C) जातीय समाज का संरक्षण

(D) उपरोक्त सभी

73. Which of the following approaches was not used by S.C. Dube for studying Indian rural society?

(A) Deductive-Positivistic
(B) Inductive-Inferential
(C) Structural-Functional
(D) Interdisciplinary orientation

74. Which of the following has not been observed by S.C. Dube in his study of Indian villages?

(A) No village in India is completely autonomous and independent as it is a unit of wider social system
(B) An individual is not just a member of village community but belongs to a caste, religious group or a tribe
(C) The economic system of rural India is founded mainly on caste's functional specialisation
(D) Villages in India are independent of organised political society

75. Out of the following, which aspect has not been dealt by S.C. Dube in his book, 'Indian village : Structure, Function and Change'?

(A) Social structure
(B) Economic structure
(C) Communal violence
(D) Ritual structure

76. Which idea has not been extended by Louis Dumont in his book, 'Homo Hierarchicus'?

(A) The opposition of pure and impure is central to the caste system
(B) The change in contemporary India is 'structural' rather than 'organizational'
(C) Hierarchy and separation are basic to caste system
(D) Hierarchy distinguishes Indian society from modern societies whose fundamental principle is 'equity'

73. भारतीय ग्रामीण समाज के अध्ययन में एस.सी. दुबे ने निम्न में से किस पद्धति का उपयोग नहीं किया?

(A) निगमनात्मक–सकारात्मक
(B) आगमनात्मक–अनुमानिक
(C) संरचनात्मक–प्राकार्यात्मक
(D) अंत:विषय अभिविन्यास

74. निम्न में से कौन सा कथन एस. सी. दुबे द्वारा प्रेक्षित नहीं है?

(A) भारत का कोई भी गाँव पूरी तरह स्वायत्त एवं स्वाधीन नहीं है अपितु वह व्यापक सामाजिक व्यवस्था की एक इकाई है
(B) व्यक्ति केवल ग्रामीण समुदाय का ही नहीं अपितु जाति, धार्मिक समुदाय या जनजाति का भी सदस्य है
(C) ग्रामीण भारत की आर्थिक संरचना जाति के कार्यमूलक विशिष्टीकरण पर आधारित है
(D) भारतीय गाँव संगठित राजनैतिक समाज से स्वतंत्र हैं

75. एस. सी. दुबे ने अपने पुस्तक, 'इंडियन विलैज : स्ट्रक्चर, फंक्शन एण्ड चैंज' में निम्न में से किस दृष्टिकोण को सम्बोधित नहीं किया है?

(A) सामाजिक संरचना
(B) आनुष्ठानिक संरचना
(C) सांप्रदायिक हिंसा
(D) आर्थिक संरचना

76. कौन सा विचार लुइस ड्यूमॉन्ट द्वारा उनकी पुस्तक 'होमो हायरार्किकस' में विस्तृत नहीं किया गया है?

(A) शुद्ध एवं अशुद्ध का प्रतिरोध जाति प्रथा का केन्द्र है
(B) समकालीन भारत में परिवर्तन 'संरचनात्मक' है न कि 'संगठनात्मक'
(C) पदक्रम एवं पृथकत्व जाति प्रथा के मूल तत्व हैं
(D) पदक्रम भारतीय समाज का आधुनिक समाज से विभेद करता है जिसका मूलभूत सिद्धान्त 'समानता' है

77. According to D.P. Mukerjee, there exists a dialectical relation between

(A) Tradition and Development

(B) Tradition and Religion

(C) Tradition and Modernity

(D) Tradition and Post modernity

78. Which Indian Sociologist defines poverty as a 'concept that refers to the phenomenon of relative deprivation'?

(A) Yogesh Atal (B) Yogendra Singh

(C) D.P. Mukerjee (D) R.K. Mukerjee

79. The 'Absolute' poverty line is drawn to indicate:

(A) The extreme levels of poverty in a society

(B) The estimated minimum level of income needed for subsistence

(C) Families that do not earn as per the standard norms and values of their culture

(D) Areas in a city in which poverty is concentrated

80. The functionalist theory of inequality suggests that:

(A) Inequality is determined and we are born into poor or rich families

(B) There is no social function of inequality

(C) 'Meritocracy' is a redundant ideology

(D) High rewards and incentives ensure that the most skilled individuals will take the most important social position

77. डी.पी. मुकर्जी के अनुसार ——— के मध्य द्वन्द्वात्मक संबंध होता है :

(A) परम्परा एवं विकास

(B) परम्परा एवं धर्म

(C) परम्परा एवं आधुनिकता

(D) परम्परा एवं उत्तर आधुनिकता

78. किन भारतीय समाजशास्त्री ने निर्धनता की अवधारणा को 'सापेक्ष रूप से वंचित रहने के तथ्य' से परिभाषित किया है?

(A) योगेश अटल (B) योगेन्द्र सिंह

(C) डी.पी. मुकर्जी (D) आर.के. मुकर्जी

79. 'पूर्ण' निर्धनता रेखा प्रकाशित करती है:

(A) समाज में गरीबी के चरम स्तर को

(B) जीवन निर्वाह के लिए अनुमानित आय का न्यूनतम स्तर

(C) वे परिवार जिनकी आय, संस्कृति के मानक मानदण्ड एवं मूल्यों के अनुसार नहीं है

(D) शहर के वे क्षेत्र जहाँ गरीबी संकेन्द्रित है

80. विषमता का प्राकार्यात्मक सिद्धान्त सुझाता है कि :

(A) विषमता निर्धारित है एवं व्यक्ति गरीब या अमीर परिवारों में जन्म लेता है

(B) विषमता का कोई सामाजिक प्रकार्य नहीं है

(C) योग्यता तंत्र एक अनावश्यक विचारधारा है

(D) उच्च इनाम एवं प्रोत्साहन यह सुनिश्चित करते हैं कि सबसे कुशल व्यक्ति सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक स्थिति प्राप्त करे

81. The 'Sarva Shiksha Abhiyan' launched in 2001 aims at:

(A) Reservation of 75% seats for girls in schools

(B) Elementary education to deprived children

(C) Universalization of elementary education

(D) Free supply of food grains to school children

82. Which of the following attributes represent a 'backward caste'?

(A) Inferior status in the traditional caste hierarchy

(B) Adequate representation in government services

(C) Advancement in socio-economic fields

(D) Progress in trade and commence

83. Assertion (A) : In India caste and class are not mutually exclusive

Reason (B) : Class based economic criteria exists in all castes

(A) (A) is true but (B) is false

(B) (A) is false but (B) is true

(C) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct reason to (A)

(D) Both (A) and (B) are true but (B) is not correct reason to (A)

84. The changing patterns of social stratification have been explained by Andre Beteille on the basis of:

(A) Caste and Communalism

(B) Class, status and Power

(C) Kinship and Religion

(D) Class, Caste and Power

81. 2001 में प्रक्षेपित 'सर्व शिक्षा अभियान' का उद्देश्य है:

(A) विद्यालय में बालिकाओं के लिए 75% आरक्षण

(B) अभावग्रस्त बच्चों के लिए प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराना

(C) प्रारंभिक शिक्षा का सार्वभौमिकरण

(D) आवश्यकता के अनुसार स्कूली छात्रों को खाद्यान्न उपलब्ध कराना

82. निम्न में से कौन सा लक्षण पिछड़ी जाति को दर्शाता है?

(A) परम्परागत जाति पदानुक्रम में निम्न प्रस्थिति

(B) सरकारी सेवाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व

(C) सामाजिक–आर्थिक क्षेत्र में उन्नति

(D) व्यापार एवं वाणिज्य में प्रगति

83. अभिकथन(A) : भारत में जाति एवं वर्ग परस्पर अनन्य नहीं है

तर्क (B) : वर्ग आधारित आर्थिक मानदंड सभी जातियों में व्याप्त हैं

(A) (A) सही है किन्तु (B) गलत है

(B) (A) गलत है किन्तु (B) सही है

(C) (A) व (B) दोनों सही हैं किन्तु (B), (A) का सही तर्क है

(D) (A) व दोनों सही हैं किन्तु (B), (A) का सही तर्क नहीं है

84. आंद्रे बेतेई ने सामाजिक स्तरीकरण के बदलते स्वरूपों की निम्न में से किन आधारों पर व्याख्या की है?

(A) जाति एवं सांप्रदायिकता

(B) वर्ग, प्रस्थिति एवं शक्ति

(C) नातेदारी एवं धर्म

(D) वर्ग, जाति एवं शक्ति

85. Which of the following factors is not a source of disparity between 'real income' and 'actual advantage' according to Amartya Sen?

(A) Personal heterogeneties

(B) Environmental diversities

(C) Religious diversities

(D) Variation in social climate

86. What shapes the environmental perceptions and practices of a society?

(A) Social relationship of different groups to the environment

(B) Kinship obligations and interpersonal relations

(C) Caste Inequalities

(D) Concentrated ownership of means of production

87. The 'Bhopal Gas Tragedy' of December 1984 is an example of which concept of Ulrich Beck?

(A) Natural disaster (B) Risk Society

(C) Resource depletion (D) Global warming

88. Which of the following is not an aim of sustainable development?

(A) Equitable distribution of resources

(B) Inclusive development

(C) Addressing the essential needs of the world's poor

(D) Consumption based capitallist development

89. ______ theory of crime causation proposes that environmental and not personal factors promote crime

(A) Ecological

(B) Anomic

(C) Differential Association

(D) Differential opportunity

85. निम्न में से कौन सा तथ्य अमर्त्य सेन के अनुसार 'वास्तविक आय' एवं 'वास्तविक लाभ' के बीच असमानता का स्त्रोत नहीं है?

(A) व्यक्तिगत विविधता

(B) पर्यावरणीय विविधता

(C) धार्मिक विविधता

(D) सामाजिक वातावरण में परिवर्तन

86. पर्यावरण की सोच एवं प्रयास को कौन आकार देता है?

(A) विभिन्न सामाजिक समूहों का पर्यावरण से सम्बन्ध

(B) नातेदारी दायित्व एवं अंतर्वैयक्तिक सम्बन्ध

(C) जातिगत समानता

(D) उत्पादन के साधनों पर संकेन्द्रित स्वामित्व

87. दिसम्बर 1984 की 'भोपाल गैस दुर्घटना', उलरिक बेक की किस अवधारणा का उदाहरण है?

(A) प्राकृतिक आपदाएँ (B) जोखिम समाज

(C) संसाधन अवक्षय (D) वैश्विक ऊष्मणता

88. निम्न में से कौन सा सतत विकास का उद्देश्य नहीं है?

(A) संसाधनों का न्यायसंगत वितरण

(B) समावेशी विकास

(C) विश्व के गरीबों की जरूरी आवश्यकताओं को सम्बोधित करना

(D) खपत पर आधारित पूँजीवादी विकास

89. अपराध का ——— कारण सम्बन्धी सिद्धान्त यह प्रस्तावित करता है किवातावरणीय कारक और न कि व्यक्तिगत कारक अपराध को बढ़ावा देते हैं।

(A) पर्यावरणीय

(B) व्याधिकी

(C) विभिन्न सम्पर्क

(D) विभिन्न अवसर

90. Harshad Mehta Securities Fraud is an example of:

(A) Political Crime

(B) Blue Collar Crime

(C) Organised Crime

(D) White Collar Crime

91. The 'interpersonal power approach' of crime against women focuses on ________.

(A) Patriarchy as a system of male domination of women

(B) Non-egalitarian power structure

(C) Context-specific explanation

(D) Victim's passivity to protest

92. Establishment of new development projects may directly lead to adverse health effects due to which reason?

(A) Depletion of natural resources

(B) Degradation of soil quality

(C) increased air pollutant emissions

(D) imbalance in hydrological cycle

93. Agricultural runoff will adversely affect human health due to which of the following reasons?

(A) Contamination of ground water

(B) Poor air quality

(C) Soil degradation

(D) None of the above

94. National Integration is defined on the basis of:

(A) Preference to parochial interests

(B) Promotion of divisive forces

(C) Sense of national belongingness

(D) Political extremism

90. हर्षद मेहता सिक्योरिटीज़ फ्राड ------ का उदाहरण है :

(A) राजनैतिक अपराध

(B) ब्लू कॉलर अपराध

(C) संगठित अपराध

(D) सफेदपोश अपराध

91. अपराध की 'अंतर्वैयक्तिक शक्ति की अवधारणा' ----- पर केन्द्रित है :

(A) पितृसत्ता के रूप में स्त्रियों पर पुरूषों का आधिपत्य

(B) गैर–समतावादी शक्ति संरचना

(C) प्रसंग–विशिष्ट व्याख्या

(D) पीड़ित की विरोध के प्रति निष्क्रियता

92. नयी विकास परियोजनाओं की स्थापना किस कारण से स्वास्थ्य के लिए प्रत्यक्ष रूप से हानिकारक सिद्ध हो सकती है?

(A) प्राकृतिक संसाधनों का अवक्षय

(B) मृदा की गुणवत्ता में पतन

(C) प्रदूषण उत्सर्जनों में वृद्धि

(D) जल विज्ञान चक्र में असंतुलन

93. कृषि अपवाह के कारण मनुष्य के स्वास्थ्य को निम्न में से कौन सा कारक प्रभावित करेगा?

(A) भूजल प्रदूषण

(B) खराब वायु गुणवत्ता

(C) मृदा का क्षरण

(D) उर्पयुक्त में से कोई नहीं

94. राष्ट्रीय एकीकरण को ------ के आधार पर परिभाषित किया जाता है।

(A) संकीर्ण हितों को वरीयता

(B) विभाजनकारी ताकतों को प्रोत्साहन

(C) राष्ट्रीय अपनत्व की भावना

(D) राजनैतिक अतिवाद

95. In the material basis fo patriarchy, men control women's

(A) Reproductive power (B) Sexuality
(C) Mobility (D) Labour power

96. Which Indian sociologist believes that change is represented in linear evolutionary form in India; from 'traditionalization' to 'modernization'?

(A) M.N. Srinivas (B) S.C. Dube
(C) Mitton Singer (D) Yogendra Singh

97. Which of the following statements is NOT TRUE about Globalization?

(A) Intensification of worldwide social relations
(B) Local transformation due to global connectivity
(C) Increase in Trade barriers
(D) Free flow of capital and technology

98. The chief factor contributing to human insecurity in a globalized society is :

(A) Intensification of market competition
(B) Increased educational opportunities
(C) Rise in Employment opportunities
(D) Acceleration of industrial growth

99. Sanskritization is an example of :

(A) Heterogenetic change
(B) Cyclical change
(C) Orthogenetic change
(D) Exogenous change

100. Which of the following arguments do not support the idea of Pluralism?

(A) A Pluralist society allows people to become tolerant
(B) Pluralism promotes respect and recognition for cultural diversity
(C) Pluralism erodes the distinct cultural identity of host nation
(D) Pluralism allows cultural differences to be accepted rather than suppressed or ignored

95. पितृसत्तात्मकता के आर्थिक आधार में पुरूष महिलाओं के ––––– को नियंत्रित करते हैं।

(A) प्रजननीय क्षमता (B) लैंगिकता
(C) गतिशीलता (D) श्रम शक्ति

96. किन भारतीय समाजशास्त्री का मत है कि भारत में परिवर्तन की दिशा का प्रतिनिधित्व रेखीय उद्विकास के रूप में है; 'पारम्परिकीकरण' से 'आधुनिकीकरण'?

(A) एम.एन. श्रीनिवास (B) एस.सी. दुबे
(C) मिल्टन सिंगर (D) योगेन्द्र सिंह

97. निम्न में से कौन सा कथन वैश्वीकरण के सम्बन्ध में असत्य है?

(A) विश्वव्यापी सामाजिक संबंधों में तीव्रता
(B) वैश्विक संबद्धता के कारण स्थानीय परिवर्तन
(C) व्यापारिक बाधाओं में वृद्धि
(D) पूँजी एवं प्रौद्योगिकी का मुक्त प्रवाह

98. वैश्वीकृत समाज में कौन सा प्रमुख कारक मानव असुरक्षा को बढ़ाता है?

(A) बाजार प्रतिस्पर्धा में तीव्रता
(B) शैक्षिक अवसरों में वृद्धि
(C) रोजगार के अवसरों में वृद्धि
(D) औद्योगिक विकास में गतिवृद्धि

99. संस्कृतिकरण ––––––––– का उदाहरण है

(A) विषमोद्रवी परिवर्तन
(B) चक्रीय परिवर्तन
(C) नियतविकासीय परिवर्तन
(D) बहिर्जनित परिवर्तन

100. कौन सा तर्क बहुलवाद के विचार का समर्थन नहीं करता?

(A) बहुलवादी समाज लोगों को सहनशील बनाता है
(B) बहुलवाद सांस्कृतिक विविधता को सम्मान एवं मान्यता प्रदान करता है
(C) बहुलवाद आतिथेय देश की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को घटाता है
(D) बहुलवाद सांस्कृतिक भिन्नता को दबाने या अवहेलना करने की जगह उसे स्वीकरता है

# SPACE FOR ROUGH WORK/ रफ कार्य के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK/ रफ कार्य के लिए जगह